## विशेष रिपोर्ट

# बेस मेटल

## जुलाई 2023




एल्युमीनियम • तांबा • लेड • जिंक

smc


moneywise. be wise.

चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की उम्मीद से बेस मेटल की कीमतों में मासिक बढ़त दर्ज की गई। लेकिन चीन से कमजोर आंकड़ों और ब्याज दरों में अतिरिक्त बढ़ोतरी की उम्मीदों के कारण कीमतों में सितंबर के बाद से सबसे बड़ी तिमाही गिरावट दर्ज की गई। एलएमई पर, तांबें की कीमतों में जून में लगभग 3% की बढ़ोतरी हुई, लेकिन कमजोर चीनी आंकड़ों, धातुओं की मांग में सुधार की धीमी गति और वैश्विक आर्थिक विकास को लेकर चिंताओं के कारण सितंबर 2022 के बाद से सबसे बड़ी तिमाही गिरावट दर्ज की गई। कोविड-19 के बाद चीन की आर्थिक रिकवरी ने निराश किया है और मांग बढ़ने की उम्मीदें अब धूमिल होती जा रही हैं। आधिकारिक सर्वेक्षणों से पता चला है कि चीन की फैक्टरी गतिविधि में जून में लगातार तीसरे महीने गिरावट हुई है और अन्य क्षेत्रों में कमजोरी बढ़ती गई है, जिससे अधिकारियों पर विकास को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने का दबाव बढ़ गया है। एलएमई पर बेस मेटल में जिंक दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला रहा है, जो साल-दर-साल 19.5% नीचे है। लेकिन जून में इसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है. एल्युमीनियम में भी जुलाई-सितंबर 2022 के बाद पहली तिमाही गिरावट दर्ज की गई। 2023

## आउटलुक

- बेस मेटल की कीमतें मिले-जुले फंडामेंटल के आधार पर अलग-अलग दिशा में कारोबार कर सकती हैं । वैश्विक मंदी के बढ़ते डर, शीर्ष उपभोक्ता चीन में सुस्त मांग और आपूर्ति में सुधार से बाजार पर दबाव पड़ सकता है जबकि कमजोर डॉलर और चीन में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक प्रोत्साहन की उम्मीद से कीमतों को कुछ मदद मिल सकती है ।
- जबकि चीन में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक प्रोत्साहन की उम्मीद से कुछ समर्थन मिल सकता है। डॉलर की चाल और चीन के मैनुफैक्चरिंग और निर्माण क्षेत्रों के प्रति निवेशकों के सेंटीमेंट से इस महीने में कीमतों में अस्थिरता रहने की उम्मीद है।
- बेस मेटल की कीमतों के भविष्य की दिशा को मापने के लिए बाजार की नजर चीन के प्रोत्साहन प्रयासों और व्यापक वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में विकास पर रहेगी
- यूरो क्षेत्र और संयुक्त राज्य अमेरिका में मैनुफैक्चरिंग गतिविधि जून में उस स्तर तक कम गई जो पिछली बार देखी गई थी जब वैश्विक अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन की प्रारंभिक लहर से जूझ रही थी।
- हाल के महीनों में चीन की आर्थिक वृद्धि धीमी हो गई है, जिससे प्रोत्साहन की उम्मीदें बढ़ गई हैं। देश घरेलू खपत को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है और मांग को बढ़ावा देने के लिए और अधिक कदम उठाने का वादा किया है।
- चीन के मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र में क्रय प्रबंधकों के सर्वेक्षण से पता चलता है कि मांग कमजोर होने के कारण दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने दूसरी तिमाही में गति खो दी।
- रिफाइनिटिव ईकॉन के आंकड़ों से पता चला है कि एलएमई, एसएचएफई, कॉमेक्स और चीन के अधिकृत गोदामों में तांबे का संयुक्त भंडार 225,018 टन था, जो मार्च से 55% कम है और 2022 में वैश्विक तांबे की खपत के केवल तीन दिनों के बराबर है।
- धातु प्रसंस्करण संयंत्रों की उपग्रह निगरानी के आंकड़ों से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर तांबा गलाने की गतिविधि जून में कम हो गई, जिससे इस साल की शुरुआत में दर्ज की गई गिरावट का रुझान फिर से शुरू हो गया।
- खचीन के दक्षिण-पश्चिमी युन्नान प्रांत में एल्युमीनियम स्मेल्टरों ने उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया है क्योंकि हाल ही में जलविद्युत उत्पादन में सुधार के बाद बिजली के उपयोग पर प्रतिबंधों में ढील दी गई है।
- हाल ही में एलएमई गोदाम प्रणाली में जिंक और लेड दोनों के भंडार में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन वृद्धि मामूली रही है और अभी तक इन्वेंट्री में निरंतर बढ़ोतरी के लिए पर्याप्त नहीं है ।

### जून-2023 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव( % )




स्रोत : एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

### जनवरी-जून 2023 में बेस मेटल की कीमतों में बदलाव




स्रोत : एसएमसी रिसर्च एवं रॉयटर्स

एल्युमीनियम

## एल्यूमीनियम




## एमसीएक्स में एल्युमीनियम का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर एल्युमीनियम वायदा पिछले हफ्ते 195.85 पर सपाट बंद हुआ। 205 के सपोर्ट स्तर से नीचे टूटने के बाद कीमतें लुढ़क गई और 194.50 के निचले स्तर पर पहुंच गई। अब कीमतें 18 दिनों के मूविंग एवरेज 200 से नीचे कारोबार कर रही हैं। अब छोटी अवधि में अगला तत्काल रेजिस्टेंस 206 पर है, और इस स्तर से ऊपर बने रहने की स्थिति में 212/220 की ओर अच्छी बढ़त देखी जा सकती है। यदि यह 194.50 के तत्काल सपोर्ट स्तर से नीचे टूटती है तो यह क्रमश: 187/180 तक नीचे की ओर बढ़ सकती हैं। कुल मिलाकर एल्युमीनियम की कीमतों के अपने रेजिस्टेंस स्तर से नीचे जाने की उम्मीद है। इसलिए हम मौजूदा माह में कीमतों में बढ़ोतरी पर बिकवाली करने की सलाह हैं।

तांबा

## तांबा





## एमसीएक्स में तांबा का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर तांबा वायदा पिछले सप्ताह थोड़ा बढकर 713.75 पर बंद हुआ है। अब कीमतें 740 के साप्ताहिक ट्रेंड लाइन के सपोर्ट और रेजिस्टेंस 700 से 800 के बीच कारोबार कर रही हैं । अब तत्काल रेजिस्टेंस 740 पर है। यदि कीमतें 740 की तत्काल रेजिस्टेंस से ऊपर जाती है तो यह 765/785 की ओर बढ़ सकती है । यदि कीमतें 740 के रेजिस्टेंस स्तर से ऊपर बरकरार रहने में असफल रहती है, तो निकट भविष्य में नीचे की ओर 690/675 के स्तर की ओर जा सकती है। कुल मिलाकर कमोडिटी के अपने रेजिस्टेंस स्तर से नीचे जाने की उम्मीद है।

लेड

## लेड




## एमसीएक्स में लेड का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर लेड वायदा पिछले हफ्ते कम होकर 182.60 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 18 दिनों के ईएमए स्तर 183.00 के नजदीक कारोबार कर रही हैं। मोमेंटम ऑसिलेटर स्टोकैस्टिक (14,3,3) अब सकारात्मक विचलन देख रहा है और छोटी से मध्यम अवधि के लिए तेजी का रुझान भी प्रदान कर रहा है। अब 186 पर महत्वपूर्ण रेजिस्टेंस देखा जा रहा है, इस स्तर से ऊपर कारोबार करने पर इस महीने में 192/200 की ओर तेजी देखी जा सकती है और यदि कीमतें 178.80 के सपोर्ट स्तर से नीचे बनी रहती हैं तो 174 एवं 169 की ओर क्रमश: नीचे तक जा सकती है।

जिंक

## जिंक




## एमसीएक्स में जिंक का साप्ताहिक चार्ट



एमसीएक्स प्लेटफॉर्म पर जिंक वायदा पिछले सप्ताह कम होकर 214.45 पर बंद हुआ है। वर्तमान में कीमतें 200 दिनों के ईएमए स्तर 255.50 से नीचे और साप्ताहिक स्तर पर कम होती सपोर्ट ट्रेंड लाइन स्तर 240 से नीचे कारोबार कर रही हैं। पिछले हफ्ते चार्ट पर तेजी के रूझान वाला हैमर पैटर्न बना हुआ है। इसलिए चार्ट पैटर्न के अनुसार यदि कीमतें 217 से ऊपर बरकरार रहती है तो आगे अच्छी तेजी देखी जा सकती है। अब तत्काल सपोर्ट 210.00 के नजदीक है । यदि कीमतें 210.00 के स्तर से नीचे टूटती है, तो नीचे की ओर 195/180 की ओर लुढ़क सकती है और यदि कीमतें तत्काल रेजिस्टेंस 217 के स्तर से ऊपर रहती है और स्थिर बनी रहती है, तो क्रमश: 225/240 की ओर बढ़ जाएगी।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।